>

Title: Need to improve the healthcare services in Bhind.

श्रीमती संध्या राय (भिंड): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मेरे लोक सभा क्षेत्र भिंड में जिला अस्पताल की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था तथा संसाधनों की कमी से मरीजों को हो रही परेशानी की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं ।

महोदय, जिला अस्पताल में प्रतिदिन 1600 से ज्यादा मरीजों का आना-जाना होता है, परंतु डॉक्टर और नर्स की कमी के कारण और मशीनों तथा उपकरणों के खराब रखरखाव के कारण मरीजों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है । आज अस्पताल में 300 बेड हैं, जबकि भाजपा सरकार में 400 बेड स्वीकृत हुए थे, परंतु आज तक मध्य प्रदेश की मौजूदा सरकार फण्ड स्वीकृत नहीं कर पायी है । अस्पताल में 39 डॉक्टर्स के पद स्वीकृत थे, जबकि अभी वर्तमान में 14 डॉक्टर्स हैं और 25 डॉक्टर्स का अभाव है । नर्स 168 स्वीकृत थीं, जबकि वर्तमान में 108 कार्यरत हैं और 60 नर्सों की कमी है ।अत्याधुनिक मशीनों तथा उपकरणों का अभाव है, जैसे कि सिटी स्कैन, एमआरआई आदि । अतः मैं आपके माध्यम से यह आग्रह करना चाहती हूं कि मरीजों को हो रही असुविधाओं को जल्द से जल्द दूर किया जाए, जिससे भिंड तथा आसपास के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके । आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं ।

माननीय अध्यक्ष : *m02 कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती संध्या राय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।